भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1709
10 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

विषय- चिकोरी का उत्पादन

1709. श्री देवेश शाक्यः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश के एटा और कासगंज जिलों में चिकोरी, जिसका उपयोग कॉफी और कॉफी आधारित उत्पादों के निर्माण में किया जाता है, का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है;

(ख) क्या उक्त क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी चिकोरी की उच्च गुणवत्ता वाली खेती और कॉफी उद्योग की कच्चे माल की आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त हैं;

(ग) क्या सरकार का एटा और कासगंज जिलों में किसी बड़ी कॉफी/खाद्य प्रसंस्करण कंपनी के सहयोग से चिकोरी आधारित एकीकृत उत्पादन-प्रसंस्करण संकुल क्षेत्र या विशेष क्षेत्र स्थापित करने का विचार है;

(घ) क्या सरकार का इस क्षेत्र में किसानों, पीओ और स्थानीय युवाओं को चिकोरी की वैज्ञानिक खेती, प्रसंस्करण और विपणन के संबंध में प्रशिक्षण देने के लिए कोई क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान/कौशल विकास केंद्र स्थापित करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)</u>

(क) जी हाँ। चिकोरी, जिसका उपयोग कॉफी और कॉफी आधारित उत्पादों के निर्माण में किया जाता है, की खेती वर्ष 2024-25 के दौरान एटा जिले में लगभग 2870.28 हेक्टेयर और उत्तर प्रदेश के कासगंज में लगभग 2500 हेक्टेयर क्षेत्र में की गई है।

(ख) जी हाँ। उक्त क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी उच्च गुणवत्ता वाली चिकोरी की खेती और कॉफी उद्योग की कच्चे माल की आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त हैं।

(ग) से (ङ): कृषि और किसान कल्याण विभाग के स्तर पर ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****